रजिस्ट्री सं. डी.—(डी एन)—73

REGISTERED NO. D—(DN)—73

भारत का राजपत्र

The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 12] नई दिल्ली, शनिवार, मार्च 19, 1983 (फाल्गुन 28, 1904)

No. 12] NEW DELHI, SATURDAY, MARCH 19, 1983 (PHALGUNA 28, 1904)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	287
भाग I—खंड 2—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी की गयी सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	375
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	—
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गयी सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	327
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खंड 1-क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II—खंड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II—खंड 3—उप-खंड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	703
भाग II—खंड 3—उप-खंड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	150
भाग II—खंड 3—उप-खंड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी में प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खंड 3 या खंड 4 में प्रकाशित होते हैं)	107
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	131
भाग III—खंड 1—उच्चतम न्यायालय, महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेलवे प्रशासनों, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं	5179
भाग III—खंड 2—पैटेन्ट कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं और नोटिस	173
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं	—
भाग III—खंड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	1921
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा विज्ञापन और नोटिस	47
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दिखाने वाला अनुपूरक	*

*पृष्ठ संख्या प्राप्त नहीं हुई

1—501 GI/82

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) ..	287
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence)	375
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	327
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A.—Authoritative text in the Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (i).—General Statutory Rules (including orders, bye-laws, etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) ..	703
PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (ii).—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) ..	150
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii).—Authoritative texts in Hindi (other than such texts published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules and Statutory Orders (including byelaws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administrations of Union Territories)	107
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	131
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Supreme Court, Auditor General, Union Public Service Commission Railway Administrations, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	5179
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta ..	173
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	—
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	1921
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	47
PART V—Supplement showing statistics of Birth and Deaths etc. both in English and Hindi ..	*

*Folio Nos. not received

भाग I—खण्ड 1
PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 जनवरी 1983

सं० 13–प्रेज/83—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को उनके असाधारण वीरता के कार्यों के लिए "कीर्ती चक्र" प्रदान किए जाने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :–

1. ब्रिगेडियर सोमप्रकाश झिंगन (आई० सी०–8424) इन्फैन्टरी

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 25 मई, 1981)

ब्रिगेडियर सोमप्रकाश झिंगन ने 11 फरवरी, 1981 को एक माउंटेन ब्रिगेड की कमान सम्भाली जिसे राष्ट्र विरोधी गतिविधियों से निपटने के लिए तैनात किया गया था। पदभार सम्भालने के तुरन्त बाद उन्होंने अपने कार्यक्षेत्र का व्यापक निरीक्षण किया और स्थिति का जायजा लेने के बाद राष्ट्र विरोधियों के खिलाफ बार-बार तेजी से भली-भांति समन्वित कार्यवाहियों के करने में उच्च स्तर की व्यावसायिक दक्षता का प्रदर्शन किया। राष्ट्रविरोधी गतिविधियों से निपटने के काम में संलग्न सभी एजेंसियों के बीच निकट सहयोग की जरूरत महसूस करते हुए उन्होंने अर्द्ध-सैनिक बलों, अन्य खुफिया एजेंसियों, नागरिक प्रशासन और राजनैतिक नेताओं के साथ पूर्ण तालमेल रखा जिससे इलाके में राष्ट्रविरोधी गतिविधियों से निपटने में अधिक से अधिक कार्यवाही का प्रयास किया गया। उनके गतिशील नेतृत्व, उत्कृष्ट आयोजन और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों से निपटने में जोरदार कार्यों के परिणामस्वरूप उनकी ब्रिगेड अनेक कट्टर उग्रवादियों और विभिन्न राष्ट्रविरोधी ग्रुपों के शीर्ष नेताओं को पकड़ने में सफल रही।

25 मई, 1981 को एक सुसंचालित कार्यवाही में उनकी ब्रिगेड ने अपने आप को सी-इन-सी बताने वाले एक व्यक्ति और एक सक्रिय राष्ट्रविरोधी ग्रुप के दो कट्टर सदस्यों को उनके शस्त्रों तथा गोला-बारूद सहित पकड़ लिया। इस कार्यवाही के परिणामस्वरूप यह उग्रवादी संगठन टूट गया। दिसम्बर 1981 से जनवरी 1982 के बीच उन्होंने कार्यवाही तेज कर दी जिसके फलस्वरूप पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी/पीपुल्सरिवोल्यूशनरी पार्टी आफ कांगलोई पाक/कांगलोई पाक कम्युनिस्ट पार्टी के सत्तर से अधिक कट्टर सदस्यों को खत्म कर देने/पकड़ लेने में और भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद पर कब्जा करने में सफलता मिली। (इन व्यक्तियों में एक झड़प होने पर कांगलोई पाक की पीपुल्स रिवोल्युशनरी पार्टी का शीर्ष नेता खन्दरोन शांति भी शामिल था)। 27 जनवरी, 1982 को उन्होंने और उनके रक्षक दल ने एक साहसिक मुठभेड़ में पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी के जेल से भागे दो कट्टर उग्रवादियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। इनको पकड़ने/पकड़वाने के लिए 15 हजार रुपए का इनाम घोषित था।

13 अप्रैल, 1982 को ब्रिगेडियर सोमप्रकाश झिंगन ने केडोमपोकमी में पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी के सदरमुकाम पर योजनाबद्ध तरीके से हमले का नेतृत्व किया। इस कार्यवाही के दौरान वे सबसे आगे रहे और उनकी देखरेख में गांव की घेराबन्दी कर ली गई। गांव में फंसे उग्रवादियों की लगातार गोलीबारी के बावजूद उन्होंने बड़े धैर्य और साहस का प्रदर्शन किया और अपने साथियों का लगातार दबाव बनाये रखने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यवाही के परिणामस्वरूप अनेक विरोधियों को या तो खत्म कर दिया गया था या पकड़ लिया गया। इस कार्यवाही की सफलता ने पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी पर गहरी चोट की।

ब्रिगेडियर सोमप्रकाश झिंगन ने इस प्रकार अनुकरणीय साहस, नेतृत्व, व्यावसायिक कुशलता और अति उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

2. श्री सुरिन्दर सिंह, असिस्टेन्ट सिविलियन स्टाफ अफसर, थलसेना मुख्यालय (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 16 अक्तूबर, 1981)

थल सेना मुख्यालय में जनरल स्टाफ ब्रांच, सैनिक प्रशिक्षण निदेशालय में असिस्टेंट सिविलियन स्टाफ अधिकारी श्री सुरिन्दर सिंह छुट्टी के दौरान चंडीगढ़ में पंजाब सचिवालय में नियुक्त अपने भाई आई० ए० एस० अफसर श्री निरंजन सिंह के पास गए थे। 16 अक्तूबर, 1981 को वे अपने भाई के साथ सचिवालय गए। सचिवालय में दाखिल होते समय कुछ बदमाशों ने श्री निरंजन सिंह को उनकी हत्या करने के ध्येय से एक ओर ले गए। श्री सुरिन्दर सिंह ने इस कातिलाना हमले को विफल करने की बहादुरी से कोशिश की। बदमाशों को श्री निरंजन सिंह पर निशाना लगाते देखकर श्री सुरिन्दर सिंह उनकी ओर लपके ताकि वे उनमें से एक बदमाश को पकड़ सकें। बदमाश श्री सुरिन्दर सिंह की ओर मुड़े और बड़ी नजदीकी से उन पर गोली चलाई जिससे तत्क्षण उनकी मृत्यु हो गई।

श्री सुरिन्दर सिंह की उत्कृष्ट वीरता का कारनामा, जिसमें उन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर एक अन्य के जीवन की रक्षा की, पुरस्कृत करने योग्य है।

3. स्क्वाड्रन लीडर विश्वनाथ नागराजन (8753)
फ्लाईंग (पाइलट)
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 08 जुलाई, 1982)

08 जुलाई, 1982 को सवेरे करीब ग्यारह बजे 8000/ की उंचाई पर एक डकोटा विमान में मद्रास से कोचिन तक ग्रार० टी० ग्रार० कार्य के दौरान स्क्वाड्रन लीडर विश्वनाथन नागराजन (8753) फ्लाइंग (पाइलट) ने ग्रपने स्टारबोर्ड इंजन में कम्पन ग्रनुभव किया। उन्होंने चोलहांका, बंगलौर की तरफ जाने का फैसला किया। क्योंकि इंजन में कंपन तेज होता गया ग्रौर विमान नीचे ग्राने लगा इसलिए उन्होंने सामान निकालकर विमान का भार हल्का कर दिया। ग्रापात तरीकों के बावजूद प्रोपेलर ठीक नहीं हुग्रा ग्रौर विमान तेजी से नीचे ग्राने लगा। स्थिति की गम्भीरता को समझते हुए ग्रौर यह देखकर कि वे बंगलौर या किसी दूसरे हवाई ग्रड्डे पर नहीं पहुंच पायेंगे, उन्होंने विमान को एक झील में उतारने का फैसला किया जोकि पहुंच के ग्रन्दर-ग्रन्दर एकमात्र साफ स्थान था ग्रौर बादलों वाले मौसम में उस ग्राम तौर पर पहाड़ी दुर्गम भूभागों में एकमात्र ऐसा स्थान था जहां उतरा जा सकता था। उन्होंने पूर्ण नियंत्रित ढंग से जबरन विमान को नीचे उतारा ग्रौर विमान झील में करीब तीन फुट गहरे पानी में उतर गया। स्क्वाड्रन लीडर विश्वनाथ नागराजन ने इस ग्रापात स्थिति में बड़ी सफलता से काम किया ग्रौर न केवल विमान में बैठे लोगों बल्कि जमीन पर भी ग्रनेक जानें बचाई।

स्क्वाड्रन लीडर विश्वनाथन नागराजन ने इस प्रकार ग्रनुकरणीय व्यावसायिक कुशलता, क्षमता ग्रौर कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

सं० 14-प्रेज/83—राष्ट्रपति, निम्नलिखित व्यक्तियों को उनके वीरतापूर्ण कार्यों के लिये "शौर्य चक्र" प्रदान किए जाने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. श्री ब्रज राज,
सुपुत्र श्री धर्मेन्द्र सिंह, निवासी गांव पाली,
पो० थाना सरधना,
जिला मेरठ ।
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 8 अक्तूबर, 1980)

7/8 अक्तूबर, 1980 की रात को कुछ डाकुओं ने पाली गांव के श्री जगराम सिंह के घर धावा बोल दिया लेकिन उनका कड़ा विरोध किया गया। मुठभेड़ में इस गांव के 15 वर्षीय लड़के ब्रज राज ने भारी जोखिम उठाकर डाकुओं के सरदार मातिन धोबी से एक चाल खेली और उसकी बंदूक छीन ली और तत्पश्चात् गांव वाले डाकुओं के सरदार को मार डालने में सफल हो गये। अन्य डाकुओं ने गांव वालों पर गोली चलाई जिससे ब्रजराज ओर कुछ अन्य व्यक्ति घायल हो गए। डाकू अपने सरदार की लाश वहीं छोड़कर भाग खड़े हुए।

श्री ब्रज राज की बहादुरी और जांबाजी के मुख्य कारण से ही डकैती का प्रयास विफल हुआ और डाकुओं का सरदार मार डाला गया ।

2. मेजर भरत सिंह (आई० सी०-23436)
बिहार ।
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 20 जनवरी, 1981)

20 जनवरी, 1981 को सूचना मिली कि एक सशस्त्र विरोधियों का गिरोह एक घने जंगल में घुसपैठ करने के बाद तथा वहां अपना अड्डा स्थापित करने के बाद सैनिकों तथा वाहनों पर घात लगाने की योजना बना रहा था। मेजर भरत सिंह की बटालियन ने विरोधियों का पता लगाकर उन्हें खत्म करने के काम पर जिन तीन टुकड़ियों को तैनात किया था उनमें से एक टुकड़ी की कमान मेजर भरत सिंह को सौंपी गयी। खोज का यह कार्य मूसलाधार वर्षा में किया जाना था।

विरोधियों के ठिकानों का पता अन्य दो टुकड़ियों में से एक टुकड़ी ने लगा लिया और छिपे हुए विरोधियों तथा इस टुकड़ी के बीच गोलीबारी की आवाज सुनकर मेजर भरत सिंह ने तुरन्त अपनी दो निकटतम सैक्शनों को इकट्ठा किया और अपने बाकी आदमियों को सन्देश भेजने के बाद वे उस स्थान की ग्रोर रवाना हो गए जो उनके अनुमान से 800 मीटर पूर्वोत्तर में था विरोधियों ने सैनिकों की इस टुकड़ी को देख लिया और स्वचालित हथियारों से गोलीबारी शुरू कर दी। मेजर भरत सिंह ने तुरन्त अपनी एक सैक्शन को कवरिंग फायर देने को कहा और दूसरी सैक्शन का खुद नेतृत्व करके विरोधियों की मोर्चाबन्दियों पर धावा बोल दिया। आगे हुई मुठभेड़ में छः भूमिगत लोग पकड़ लिये गये। और आगे लड़ने को बेकार समझते हुए विरोधियों ने वहां से भाग निकलने की कोशिश की लेकिन तब तक तीसरी टुकड़ी घटना स्थल तक आ गयी थी और उसने इन विरोधियों को भागने से रोक दिया। इस सारी कार्यवाही के फलस्वरूप 15 भूमिगत विरोधी और भण्डा-फोड़ करने वाले कागजों के अतिरिक्त ढेर सारा गोला बारूद हस्तगत कर लिए गए ।

मेजर भरत सिंह ने इस प्रकार उत्कृष्ट वीरता, धैर्य, कर्तव्यपरायणता और प्रेरणादायक नेतृत्व का परिचय दिया।

3. श्री असित कुमार कुशवाहा,
सुपुत्र श्री वीरेन्द्र सिंह कुशवाहा,
119/494 दर्शन पुरवा,
कानपुर ।
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 16 मार्च, 1981)

16 मार्च 1981 को नरेश शर्मा और पुत्तुलाल नामक दो गुंडे दर्शनपुरवा, कानपुर के निवासी श्री दया शर्मा की दुकान "टार्जन हौजियरी" में घुस गये। नरेश शर्मा ने श्री दयाराम शर्मा पर गोली चलादी लेकिन निशाना चूक गया। गोली चलने की आवाज सुनकर कुछ लोग घटनास्थल पर पहुंच गये और नरेश शर्मा को दबोच लिया लेकिन पुत्तुलाल भाग निकलने में सफल हो गया। पुत्तुलाल को भागते हुए देख कर 16 वर्षीय बालक श्री असित कुमार कुशवाहा ने उसे पकड़ने के लिये उसका सरगरमी से पीछा किया। हालांकि पुत्तुलाल ने उस पर गोली चलाई फिर भी वह बाल-बाल बच गया और अन्त में पुत्तुलाल को पकड़ लिया।

श्री असित कुमार कुशवाहा ने इस प्रकार अपनी जान की परवाह न करते हुए अनुकरणीय साहस और वीरता का परिचय दिया।

4. कैप्टन प्रेमजीत (आई० सी०-34009),
पैराशूट रेजिमेंट।

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि: 13 सितम्बर, 1981)

पैराशूट रेजिमेन्ट ने सितम्बर-अक्तूबर, 1981 में। "पराट्रूपर्स नन्दादेवी अभियान" आयोजित किया था।

कैप्टन प्रेमजीत इस अभियान के सिगनल अफसर होने के अतिरिक्त एक दस्ते के नेता भी थे। वे गश्ती ठिकाने शिविर-1 के लिए प्रस्तावित थल तक गई बर्फ की दीवार और भयंकर बाधा प्रस्तुत करने वाली एक दम खड़ी पहली ही चट्टान पर चढ़ने की तकनीकी दृष्टि से कठिन कार्य को करने के लिये स्वत: आगे आए और एक नेता की हैसियत से अभूतपूर्व निष्ठा, भारी उत्साह और सतत असाधारण साहस का प्रदर्शन किया।

कैप्टन प्रेम जीत इतने अधिक प्रेरित हो चुके थे कि उन्होंने अपने आराम और सुरक्षा की कभी चिन्ता नहीं की और अभियान को सफल बनाने के लिए बढ़-चढ़ कर काम किया। अभियान की आरम्भिक अवधि में आधार शिविरों की स्थापना, नंदा देवी के दक्षिण रिज से लम्बे और खतरनाक इलाके में रास्ता बनाना और साथ ही साथ सिगनल संचार के दायित्व को निभाने में उनका काम पर्वतारोहियों और पैराशूट रेजिमेंट की श्रेष्ठतम परम्पराओं के अनुरूप था। कठिन चढ़ाई के बाद कैप्टन प्रेमजीत और उनके साथी नन्दा देवी ईस्ट शिविर पर पहुंचने में सफल हो गए। लेकिन, वापसी में उतरते समय दुर्भाग्य से वे चट्टानों पर जमी बर्फ की परत पर फिसल कर नीचे गिर गए और उनकी मृत्यु हो गई।

कैप्टन प्रेमजीत ने इस प्रकार अनुकरणीय साहस, मिलजुलकर काम करने की भावना और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

5. हवलदार दया चन्द (1360404 एस० एम०)
पैराशूट रजिमेन्ट।

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि: 13 सितम्बर, 1981)

पैराशूट रेजिमेन्ट ने सितम्बर-अक्तूबर, 1981 में "पैराशूट रूपर्ज नन्दा देवी अभियान" का आयोजन किया था। हवलदार दयाचन्द को नन्दा देवी ईस्ट के तकनीकी दृष्टि से कठिन और खतरनाक दक्षिणी रिज से रास्ता बनाने के काम के दौरान उनके दस्ते का प्रमुख पर्वतारोही बनाया गया था। पूरे समय उन्होंने हर काम निष्ठापूर्वक करने म तत्परता और असाधारण साहस तथा संगठित रूप से काम करने की भावना का प्रदर्शन किया। 21 से 26 सितम्बर, 1981 के बीच जब सब पैट्रोल नं० 3 कैम्प 11 और पट्रोल बेस/कैम्प III के बीच के रास्ते पर आगे बढ़ रहा था तो हवलदार दया चन्द हर समय महत्वपूर्ण उपकरण और खाद्य सामग्री के भारी वजन पहुंचाने के लिए सबसे आगे रहे। 24 सितम्बर 1981 को मौसम खतरनाक रूप से खराब हो गया और आगे बढ़ना भी अत्यधिक खतरनाक हो गया तो भी हवलदार दयाचन्द ने अपनी इच्छा से उपकरण और खाद्य सामग्री जैसी महत्वपूर्ण चीजें केम्प 3 तक पहुंचाना जारी रखा।

हवलदार दयाचन्द ने एक रास्ते पर 5 पर्वतारोहियों को लेकर नया रिकार्ड कायम किया। इन्हें मिलाकर पर्वतारोहियों कीले कुल संख्या ग्यारह हो गई। एक ही अभियान में सफलता से ऊपर पहुंचने वालों की यह सबसे बड़ी संख्या थी।

दुर्भाग्य से वापसी म उतरते समय तम्बू खूटियों को मजबूत करने की कोशिश में वे तम्बू के सामने चट्टान पर बिछी बर्फ की जमी हुई परत पर फिसलकर गिर गए और उनकी मृत्यु हो गयी।

हवलदार दयाचन्द ने इस प्रकार अनुकरणीय साहस, मिल-जुल कर काम करने की भावना और उच्च कोटि की कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

6. श्री फुरबा दोरजी, (मरणोपरान्त)
सिविलियन इन्सट्रेक्टर।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि: 13 सितम्बर, 1981)

पैराशूट रेजीमेंट ने सितम्बर/अक्तूबर, 1981 में "पैराटरुपर्ज, नन्दा देवी अभियान" का आयोजन किया था।

दार्जिलिंग के हिमालय पर्वतारोहण संस्थान के शेरपा प्रशिक्षक श्री फुरबा दोरजी को अभियान में शेरपा सरदार और तकनीकी सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया। वे एक बहुत ही अनुभवी प्रशिक्षक थे और उन्होंने भारी कर्मठता उत्साह और उच्च कोटि के साहस का प्रदर्शन किया। उन्होंने स्वत: पूर्वी पैट्रोल के साथ जाने का प्रस्ताव किया क्योंकि इसी पैट्रोल का लक्ष्य नन्दा देवी ईस्ट की अत्यधिक कठिन चोटी पर पहुंचने का प्रयास करना था। उन्होंने कैप्टन प्रेमजीत के साथ जाने के लिए अपने आपको प्रस्तुत किया और दोनों ने दो दिन की अल्पावधि में सब से ज्यादा भयंकर बाधा डालने वाली पन्द्रह सौ फुट ऊंची एकदम खड़ी चट्टान और बर्फ की दीवार पर चढ़ने में सफलता प्राप्त की। भंडार कैम्पों पैट्रोल शिविर के लिये पूरा भार लेकर वे हमेशा पैट्रोल नेता का साथ देते रहे।

4 अक्तूबर, 1981 को मौसम साफ होने पर स्वेच्छा से कठिन और खतरनाक नन्दा देवी ईस्ट की चोटी पर चढ़ाई करने में अपने नेता का साथ देते हुए श्री फुरबा दोरजी ने संगठित रूप से काम करने की भारी भावना अनुकरणीय साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया। दुर्भाग्य से शिखर से लौटते समय वे और उनके नेता जमी हुई बर्फ की परत पर फिसल गए और उनकी मृत्यु हो गई।

श्री फुरबा दोरजी ने इस प्रकार अनुकरणीय साहस, मिलजुल कर काम करने की भावना और उच्च कोटि की कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

7. 4240781 लान्स हवलदार श्री धोरो माझी,
(मरणोपरान्त)

बिहार रेजिमेंट ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 9 नवम्बर, 1981)

9/10 नवम्बर, 1981 की रात को लांस हवलदार श्री धोरो माझी उस प्लाटून के प्रमुख सेक्शन कमांडर थे जो अरुणाचल प्रदेश में विरोधियों के इलाके में आगे बढ़ रही बिहार रेजिमेंट की एक बटालियन का अग्रणीत्व कर रही थी । जब प्रमुख सेक्शन फांगसान गांव के पास पहुंचा तो लांस हवलदार श्री धोरो माझी ने दो व्यक्तियों को रास्ते से एकदम उठकर गांव की ओर भागते देखा । अपने प्लाटून कमांडर को इसकी सूचना देकर उन्होंने उन दो व्यक्तियों का पीछा करना आरम्भ कर दिया ।

जब सैक्शन गांव के पास पहुंचा तो विरोधियों ने एक एल० एम० जी० और पांच-छः राइफलों से गोली चलानी शुरू कर दी । लांस हवलदार श्री धोरो माझी, जो पहले भी दो बार घात लगाकर किए गए इस तरह के हमलों का मुकाबला कर चुके थे, शांत-चित्त और धैर्यपूर्ण रहे और बाईं बाजू में गोली लगने के बावजूद उन्होंने अपने सैक्शन को जवाबी गोली चलाने के लिए कारगर ढंग से तैनात किया । अत्यधिक खून बहने के कारण वे तेजी से शिथिल पड़ते गए फिर भी वे अपनी सैक्शन के बहादुर जवानों को विरोधियों पर दबाव बनाए रखने के लिये गोली-बारी जारी रखने को प्रेरित करते रहे । अपने नेता के साहस और उत्साह से प्रेरित होकर इस सैक्शन ने विरोधियों को गांव से हटने पर मजबूर कर दिया । लेकिन इस बीच लांस हवलदार श्री धोरो माझी अचेत हो गए और घावों के कारण उनकी मृत्यु हो गई ।

लांस हवलदार धोरो माझी ने इस प्रकार सशस्त्र विरोधियों का सामना करते हुए असाधारण कर्तव्य परायणता एवं अनुकरणीय साहस का परिचय दिया और ऐसा करने में अपने प्राणों की आहुति दे दी ।

8. सैकण्ड लेफ्टिनेन्ट सुशांत कुमार सथपथी
(एस० एस०-30846)
बिहार ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 11 दिसम्बर, 1981)

सैकण्ड लेफ्टिनेन्ट सुशांप्त कुमार सथपथी को 1981 में थल सेना में कमीशन मिला और वे अक्तूबर, 1981 से राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में प्रवृत्त इलाके में नियुक्त थे । 11 दिसम्बर, 1981 को इन्हें इम्फाल में कीसामपत इलाके में सामान्य गश्त के लिये भेजा गया । गश्त के दौरान ये कांमलिए-पाक उन्मानसाग प्रैस में पहुंचे । हालांकि उग्रवादियों के साथ इस प्रैस के संबंधों के बारे में संदेह की कोई रिपोर्ट नहीं मिली थी फिर भी उन्हें शक हुआ कि शायद उग्रवादी संगठन इस प्रैस का इस्तेमाल उपद्रवी प्रचार सामग्री छापने के लिये कर रहे हों और यह सोचकर उन्होंने इस प्रैस की सरसरी तौर पर जांच करने का फैसला किया । प्रैस में काम कर रहे कर्मचारियों को सैनिकों के आ जाने का बिलकुल कोई अंदेशा नहीं था । इन कर्मचारियों का संदेहास्पद प्रतिक्रियाओं को देखते हुए इस अधिकारी ने तुरन्त प्रैस को घेर लिए जाने का आदेश दिया । तलाशी में गैरकानूनी घोषित पीपल्स लिबरेशन आर्मी की नीति संबंधी बातों वाले अत्यन्त महत्वपूर्ण कागजात और अन्य सामग्री बरामद हुई । इसके अलावा सैकण्ड लेफ्टिनेन्ट सुशांत कुमार सथपथी प्रैस से चार कट्टर उग्रवादियों को भी पकड़ने में सफल रहे ।

अगले दिन वे एक कट्टर उग्रवादी दुर्लब चन्द्र तमोली को पकड़ने में सफल रहे । इस उग्रवादी के बारे में कहा जाता था कि यह पीपुल्स लिबरेशन आर्मी और असम आन्दोलन के बीच सम्पर्क सूत्र का काम कर रहा था । इसके पास गोलियों से भरा हुआ एक देसी पिस्तौल भी बरामद हुआ ।

पकड़े गए इन उग्रवादियों से पूछताछ के बाद आगे कार्य-वाही में इस अधिकारी ने 27 दिसम्बर, 1981 को एक मकान पर छापा मारा और वहां से भारी मात्रा में गोला बारूद बरामद किया । इन्होंने पीपुल्स-लिबरेशन आर्मी के दो कट्टर उग्रवादी सदस्यों को भी पकड़ लिया और उनसे पीपुल्स-लिबरेशन आर्मी के परचे और गोला बारूद बरामद किया ।

31 दिसम्बर, 1981 को इस अधिकारी के नेतृत्व में एक सैनिक टुकड़ी ने इम्फाल के तेरा बाजार इलाके में फिर एक मकान पर छापा मारा । इस मकान में एक उग्रवादी छुपा हुआ था और सैनिकों के छापे से वह घबरा गया और उसने इस अधिकारी तथा उसके जवानों पर एक हथगोला फेंकने की कोशिश की । सैकण्ड लेफ्टिनेन्ट सुशांत कुमार सथपथी अपनी जान की किंचित भी परवाह न करते हुए उस उग्रवादी से भिड़ गए और उसे दबोच लिया ।

सैकण्ड लेफ्टिनेन्ट सुशांत कुमार सथपथी ने इस प्रकार प्रतिकूल परिस्थितियों में भी लगातार वीरता, पहल, सूझबूझ, साहस, और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

9. 24,62350 सिपाही लक्खा सिंह,
पंजाब ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 13 दिसम्बर 1981)

12/13 दिसम्बर 1981 की रात को सिपाही लक्खा सिंह एक डिवीजन कैम्प के कार्यालय क्षेत्र में जब अनआर्मड संतरी की ड्यूटी कर रहे थे तो उन्होंने दो व्यक्तियों को कार्यालय क्षेत्र में संदेहास्पद हालत में घूमते देखा । उन्होंने इन दोनों को ललकारा और इन में से एक घुसपैठिये को बाजू से पकड़ लिया तो उसी क्षण दूसरे घुसपैठिये ने सिपाही लक्खा सिंह पर बारह बोर के देसी पिस्तौल से गोली चला दी । इससे उत्पन्न भ्रांतिपूर्ण स्थिति का फायदा उठाकर दोनों घुसपैठिये अलग-अलग दिशाओं में भागने लगे । सिपाही लक्खा सिंह ने शोर मचाया और अपनी जान की जरा भी परवाह न करते हुए बड़े साहस से काम लेकर इनका पीछा किया और उनमें से एक घुसपैठिये को पकड़ लिया । बाद में पता चला कि यह व्यक्ति दुश्मन का कुख्यात एजेंट था ।

इस कार्य में सिपाही लक्खा सिंह ने साहस और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

10. मेजर राजीव लोचन सिंह (आई० सी०–24347)
राजपूताना राइफल्स
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 17 दिसम्बर 1981)

17 दिसम्बर 1981 को सवेरे छः बजे, मेजर राजीव लोचन सिंह एक दस्ते का नेतृत्व करते हुए उस जगह जा रहे थे जहां से पक्की खबर मिली थी कि एक गैरकानूनी संगठन से संबंधित कुछ सशस्त्र उग्रवादी वहां इकट्ठे हुए हैं। ज्यों ही उनके जवान निर्दिष्ट स्थान पर पहुंचे मेजर राजीव लोचन सिंह ने एक व्यक्ति को मकानों के एक समूह की ओर भागते हुए देखा। बड़ी सराहनीय सूझबूझ और पहल का परिचय देते हुए उन्होंने अपने जवानों को इस राष्ट्रविरोधी को पकड़ लेने का आदेश दिया और खुद भी इस राष्ट्र-विरोधी का पीछा करने लगे। राष्ट्रविरोधी ने उन पर तथा उनके जवानों पर अपनी पिस्तौल से लगातार गोलियां चलाईं ताकि पीछा करने वाले व्यक्ति इस का पीछा करना छोड़ दें। अपनी जान की किंचित परवाह न करते हुए और बढ़-चढ़ कर साहस का प्रदर्शन करते हुए मेजर राजीव लोचन सिंह ने अपने जवानों को आगे बढ़ते रहने को प्रेरित किया और हालांकि उनका एक जवान राष्ट्र-विरोधी की गोली से गम्भीर रूप से जख्मी हो गया था तो भी उन्होंने राष्ट्रविरोधी का पीछा करना नहीं छोड़ा। अंत में मकानों और गांव में करीब एक हजार गज तक लगातार पीछा करने के बाद मेजर राजीव लोचन सिंह राष्ट्रविरोधी के निकट पहुंच गए और राष्ट्र-विरोधी को पकड़ने में, और उसे घायल करने में तथा दबोचने और निरस्त्र करने में सफल हो गए। बाद में पता चला कि यह राष्ट्र विरोधी एक महत्वपूर्ण भूमिगत नेता था।

इस सारी कार्यवाही में मेजर राजीव सिंह लोचन ने साहस, उत्कृष्ट वीरता तथा उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

11. लेफ्टिनेन्ट कमांडर मोहम्मद अब्दुल रेहान सुभान
(01115–एच)
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 30 दिसम्बर 1981)

30 दिसम्बर 1981 को चांदमारी के दौरान भारतीय नौ सेना के एक पोत से छोड़ी गई एक मिसाइल फटने के निर्धारित समय से पूर्व ही फट गई जिससे पोत के हैंगर को नुकसान पहुंचने के साथ-साथ बगल वाले हैंगर में भी उसका जलता हुआ ईंधन और आक्सीडाइजर फैल गया। दूसरे मिसाइल की ईंधन टंकी में विस्फोट हो गया जिससे पोत में आग लग गई और उसमें मौजूद सभी कर्मचारियों की जान खतरे में पड़ गई। शीघ्र ही सारे पोत के जल जाने और पास खड़े भारतीय नौसेना पोत "शक्ति" को गम्भीर खतरा हो जाने की संभावना बन गई। पायलट हाउस और आपरेशन रूम बड़ी तेजी से घने और विषैले धुएं से भर गए।

कमांडिंग अफसर लेफ्टिनेंट कमांडर मोहम्मद अब्दुल रेहान सुभान ने इस गम्भीर स्थिति में बड़े धैर्य से काम लिया। उन्होंने पोत के ब्रिज तक पहुंचने की कोशिश की पर सफल न हो सके। तब स्टार बोर्ड वेस्ट पर बाहर आकर इन्होंने देखा कि पोत का पोर्ट साइड बड़ी तेजी से जल रहा था और घने धुएं के कारण कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। यह पोत भारतीय नौसेना पोत शक्ति के समीप आता जा रहा था और अब उससे केवल दो केबल की दूरी पर ही रह गया था। इसमें टनों ईंधन भरा हुआ था जो एकदम आग पकड़ सकता था। लेफ्टिनेंट कमांडर सुभान पायलट हाउस में पहुंचने के लिए स्टार बोर्ड वेस्ट से ब्रिज पर चढ़ गए। वहां से आग में हुई क्षति को देखकर उन्होंने यह उचित समझा कि मिसाइल के क्षत विक्षत अवशेषों को पोत से हटाने के प्रयास में पोत को और अधिक क्षति पहुंचने की संभावना हो सकती थी और इस लिए उन्होंने ऐसा करने के विरुद्ध फैसला किया। ब्रिज चारों ओर से आग की लपटों से घिरा हुआ था। इन्होंने "कशटन" को चलाकर देखा और उसे काम योग्य पाकर पोत के जिस हिस्से में आग लगी थी उसे वायु की प्रति-कूल दिशा में रखकर मुख्य इंजन का प्रयोग करते हुए पोत को भा० नौ० से० पोत "शक्ति" से दूर ले गए।

जब उन्हें इस बात की तसल्ली हो गई कि पोत अब सुरक्षित है और भा० नौ० से० पोत "शक्ति" को भी कोई खतरा नहीं है तो उन्होंने पोत के क्षति नियंत्रण दलों को आग बुझाने के काम में सक्रिय कर दिया और दस मिनट में ही आग पर काबू पा लिया गया। दुर्घटना के तीस मिनट बाद ही आग पूरी तरह से बुझा ली गई। थोड़ी देर बाद बिजली तथा संचार व्यवस्था भी दोबारा चालू कर दी गई और पोत वापिस क्रूजिंग स्टेज पर आ गया यद्यपि यह झुलसा हुआ था परन्तु युद्ध करने में सक्षम था। अपने जीवन की जरा भी परवाह किए बिना जिस धैर्य, अविचलित चित्त, दृढ़ता से लेफ्टिनेंट कमांडर मोहम्मद अब्दुल रेहान सुभान ने खतरनाक स्थिति को सम्भाला वह भारतीय नौसेना की श्रेष्ठतम परम्पराओं के अनुरूप थी।

12. सब लेफ्टिनेंट होमी डाडी मोतीवाला (02015–बी)
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 30 दिसम्बर 1981)

सब लेफ्टिनेंट होमी डाडी मोतीवाला, लेफ्टिनेंट कमांडर मोहम्मद अब्दुल रेहान सुभान की कमान वाले उस भारतीय नौसेना पोत में गनरी अफसर थे जिसमें 30 दिसम्बर, 1981 को चांदमारी के दौरान एक मिसाइल फट जाने से आग लग गई थी। आश्रय स्थल पर रहने के आदेश मिलने पर भी इन्होंने अपनी जान की जरा भी परवाह नहीं की और अपने कमान अफ़सर की अनुमति लेकर आग बुझाने के कार्य का आयोजन किया। इसके बाद इन्होंने कैटवाक ब्रिज पर क्षति नियंत्रण दल का चार्ज संभाला और सारे समय अपने साथियों के साथ इस कामको करने में सबसे आगे रहे। धधकती आग की लपटों से बिना विचलित हुए एवं अपने जीवन को गंभीर खतरे में डाल कर ये तब तक आग बुझाने के कार्य का निजी रूप से निरीक्षण करते रहे जब तक कि आग पर नियन्त्रण नहीं पा लिया गया।

सब लेफ्टिनेंट होमी डाडी मोतीवाला का यह कारनामा भारतीय नौसेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप था।

13. श्री जयप्रकाश, इलेक्ट्रिकल आर्टिफिसर (पावर)
(052484–डब्ल्यू)
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 30 दिसम्बर, 1981)

जयप्रकाश भारतीय नौसेना के उस पोत में इलेक्ट्रिकल आर्टि-फिसर (पावर) थे जिसकी कमान लेफ्टिनेंट कमांडर मोहम्मद अब्दुल रेहान सुभान के हाथ में थी। चांदमारी के दौरान 30 दिसम्बर, 1981 को एक मिसाइल फटने से इस पोत में आग लग गई। स्थिति की अत्यन्त गंभीरता को समझते हुए जयप्रकाश, अपनी इच्छा से, दुर्घटना स्थल की ओर दौड़े और सब लेफ्टिनेंट होमी डाडी मोतीवाला की कमान के अधीन उस क्षति नियन्त्रण दल में जा मिले जो आग पर काबू पाने के कार्य में लगा हुआ था।

जयप्रकाश, इलेक्ट्रिकल आर्टिफिसर (पावर) का यह कारनामा भारतीय नौसेना की श्रेष्ठतम परम्पराओं के अनुरूप था ।

14. लेफ्टिनेंट कमांडर कमलदीप सिंह संधू, एन० एम० (01067-जेड)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 10 जनवरी 1982)

लेफ्टिनेंट कमांडर कमलदीप सिंह संधू भारत के अंटार्कटिका अभियान 1982 के नौसैनिक हेलीकाप्टर पायलटों में से एक थे । 10 जनवरी 1982 को इन्हें सूचना मिली कि बर्फ की फलक के ऊपर खड़े किए गए एक हेलीकोप्टर और बर्फ की चलती-फिरती गाड़ी संकट में थे क्योंकि बर्फ की फलक में दरारें पड़ रही थीं । अपनी जान की किंचित परवाह किए बिना लेफ्टिनेंट कमांडर संधू उस स्थल की ओर रवाना हुए और वहां खड़े हेलीकोप्टर को कुछ ही क्षणों में उड़ा कर ले गए । इसके बाद ये वैज्ञानिकों के दल को बर्फ की फलक के छिन्न-भिन्न होने से उनके जीवन के लिए उत्पन्न होने वाले अकस्मात खतरे से उन्हें सावधान करने के लिए बेस कैम्प की ओर गए । समय पर मिली इस चेतावनी से भारतीय अभियान दल के वैज्ञानिकों की जानें बच गईं । बेस कैम्प से लौटने के बाद कारगो की खूंटी से एक कामचलाऊ रस्से को हुक कर के बड़ी दिलेरी के साथ चलती-फिरती बर्फ की गाड़ी को भी बर्फ से बाहर निकाल लिया जिसके बिना अभियान दल को बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ सकता था ।

इसी अभियान के दौरान 15 जनवरी, 1982 को एक बार फिर जब हमारा वैज्ञानिक दल आंकड़ा संकलन केन्द्र स्थापित करने के लिये दक्षिण गंगोत्री कैम्प में उतरा तो मौसम बड़ी तेजी से खराब होने लगा । अत्यन्त खतरनाक परिस्थितियों में अपनी जान को गंभीरतम खतरे में डालकर और किसी सह पायलट की मदद लिए बिना ही लैफ्टिनेंट कमांडर संधू ने 95 कि० मी० से अधिक दूरी तय कर उक्त स्थल से वैज्ञानिकों को वापस पोत में लाने का बीड़ा उठाया।

अंटार्कटिका के अभियान के की सारी अवधि में लैफ्टिनेंट कमॉडर कमलदीप सिंह संधू ने उत्कृष्ट धीरता, साहस और अति उच्च कोटी की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया ।

15. 9080689 लांस नायक बलराज, जाक लाइट इन्फैन्ट्री

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 17 जनवरी, 1982)

17 जनवरी, 1982 को शाम के करीब साढ़े पांच बजे पांच डाकुओं के एक गिरोह ने मेरठ जिले में चंदेन गांव के पास एक तांगे और कुछ अन्य राहगीरों को लूट लिया । जब कुछ गांववासी और पुलिस घटना स्थल पर पहुंची तो डाकू पास में एक गन्ने के खेत में छिप गये । जब उन्हें घेर लिया गया तो डाकुओं ने गोली चला दी और गोलियां चलाते हुये उन्होंने जंगल की तरफ भाग निकलने की कोशिश की ।

गांववालों की मदद के लिये आवाज सुनकर लांस नायक बलराज स्वेच्छा से दो अन्य व्यक्तियों के साथ घटना स्थल की ओर दौड़े । एक डाकू को बच कर भाग निकलने की कोशिश में देखकर निहत्थे लांस नायक बलराज ने उसका पीछा करके उसे दबोच लिया और जिसके फलस्वरूप दोनों में काफी लम्बा संघर्ष हुआ जिसके दौरान लांस नायक बलराज डाकू के साथ भिड़ गए और अन्त में उससे उसकी भरी बन्दूक छीनने में सफल हो गए । इस बीच पुलिस ने एक डाकू को गोली से मार गिराया था और दूसरे को पकड़ लिया था ।

इस कार्य में लांस नायक बलराज ने उच्च निःस्वार्थ नागरिक सेवा भावना और निर्भीक साहस का परिचय दिया जो थल सेना की श्रेष्ठतम परम्पराओं के अनुरूप था।

16. जे०सी० 108920 नायब सूबेदार दरवान सिंह, गढ़वाल राइफल्स ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 20 जनवरी, 1982)

नायब सूबेदार दरवान सिंह एक सामरिक चौकी के कमांडर के रूप में नियुक्त थे और वे अपने जिम्मे इलाके में विरोधियों की चालों, उपस्थितियों और गतिविधियों पर लगातार और गहरी नजर रखे हुये थे । उन्होंने अपने लिये अति विश्वस्थ सूत्र भी बना लिये थे । 20 जनवरी, 1982 को शाम के करीब साढ़े सात बजे नायब सूबेदार दरवान सिंह को अपने सूत्रों से पता चला कि मिजो नेशनल फ्रंट के एक या दो विरोधी गांव के एक मकान में आये हुये थे । उन्हें यह भी सूचना मिली कि एक विरोधी हथियारों से लैस था और उसके पास गैर कानूनी ढंग से इकट्ठी की गई काफी सारी धन राशि भी थी । स्थिति की गम्भीरता और समय पर कार्यवाही की जरूरत महसूस करते हुये उन्होंने तुरन्त अपने पन्द्रह जवानों को इकट्ठा किया और गांव की तरफ चल पड़े । मकान के पास पहुंचने पर उन्होंने इसे घेर लिए जाने का आदेश दिया और बिना किसी हिचकिचाहट के और अपनी जान की परवाह किये बिना वे उस मकान में घुस गये जहां उपद्रवी छिपा हुआ था। ज्यों ही नायब सूबेदार दरवान सिंह ने मकान में प्रवेश किया तभी विरोधी ने उन्हें पिस्तौल दिखाकर धमकाया । फिर भी नायब सूबेदार दरवार सिंह ने बड़े साहस के साथ अकेले ही उसे दबोच लिया । हालांकि वे घायल हो गये थे और उन्हें गम्भीर खरोंचें लगी थी लेकिन उन्होंने विरोधी को दबाये रखा और फिर उनके जवानों ने वहां पहुंचकर उस विरोधी को पकड़ लिया ।

इस कार्यवाही में नायब सूबेदार दरवान सिंह ने साहस, पहल और असाधारण कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

17. मेजर रणवीर सिंह शेखावत (आई०सी० 19197) सिख । (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 19 फरवरी 1982)

19 फरवरी 1982 को मेजर रणवीर सिंह शेखावत को इम्फाल से उखरूल तक जवान और राशन ले जाने वाली तीन गाड़ियों की कानवाई ले जाने का काम सौंपा गया । सवेरे करीब दस बजे जब कानवाई एक मोड़ मुड़ रही थी तो विरोधियों ने उस पर सुनियोजित घात लगाकर हमला कर दिया । उनकी गोलीबारी की तीव्रता इतनी भंयकर थी कि मेजर शेखावत जिस अगली गाड़ी में सफर कर रहे थे वह ठप्प पड़ गई । मेजर रणवीर सिंह शेखावत अपनी जान की बल्किुल भी परवाह न करते हुये गाड़ी से कूद गए

और अपने जवानों को जुटाते हुए विरोधियों पर जवाब में गोली चलाई। अपने अधिकतर जवानों को मृत या गम्भीर रूप से घायल पाकर वे अकेले ही विरोधियों का मुकाबला करते रहे। हालांकि सीने में गोली लग जाने से वे गम्भीर रूप से घायल हो गये थे। तो भी उन्होंने आखिरी दम तक अपना हथियार नहीं छोड़ा और विरोधियों को इसे ले जाने नहीं दिया।

मेजर रणवीर सिंह शेखावत ने इस प्रकार वीरता अनुकरणीय साहस कर्त्तव्यपरायणता और प्रेरणादायक नेतृत्व का परिचय दिया।

18. 3367667 सिपाही मोहिन्दर सिंह,
सिख।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 19 फरवरी, 1982)

19 फरवरी, 1982 को सिपाही मोहिन्दर सिंह तीन गाड़ियों वाली कानवाई की दूसरी गाड़ी में लगी लाइट मशीन गन को संभाले हुये थे। रास्ते में इस कानवाई पर विरोधियों ने घात लगाकर हमला कर दिया। चारों तरफ से हो रही सख्त गोलीबारी की परवाह न करते हुये सिपाही मोहिन्दर सिंह ने तुरन्त लाइट मशीन गन से जवाब में गोलियां बरसानी शुरू कर दी। लेकिन विरोधियों की कुछ गोलियां, उनकी लाईट मशीनगन पर आ लगी जिससे उसे इतनी क्षति पहुंची कि यह बेकार हो गई। लेकिन वे घबराए नहीं और तुरन्त गाड़ी से बाहर कूद गए और अपने एक मृत साथी की राइफल उठाकर विरोधियों पर जवाब में गोली चलाने लगे। जब गोलियां खत्म हो गई तो वे रेंगते हुए एक और मृत साथी तक पहुंचे और उसकी दो मैगजीनें उठाकर फिर गोली चलानी शुरू कर दी जिससे कुछ विरोधी या तो मारे गए या घायल हो गए। अपने अदम्य साहस और दृढ़ता के कारण उन्होंने विरोधियों को कारगर ढंग से दबाए रखा और उन्हें अंतिम दो गाड़ियां लूटने से रोके रखा। अपनी बहादुरी के कारनामों के कारण सिपाही मोहिन्दर सिंह ने अपने साथियों की जान बचाने के अलावा यह भी सुनिश्चित किया कि इन गाड़ियों से कोई हथियार या गोला बारूद विरोधी न ले जा सकें।

इस कार्य में सिपाही मोहिन्दर सिंह ने उत्कृष्ट वीरता, अनुकरणीय साहस दृढ़ता और अति उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

19. मेजर ओम प्रकाश देसवाल (आई सी 23711),
बिहार।

(पुरस्कार, की प्रभावी तिथि : 13 अप्रैल, 1982)

13 अप्रैल, 1982 को मेजर ओम प्रकाश देसवाल ने कदम पोकपी गांव से सशस्त्र राष्ट्रविरोधियों के एक दल को खदेड़ने के लिये एक सामूहिक कार्यवाई में 52 जवानों की टुकड़ी का नेतृत्व किया। गांव पहुंचकर उन्होंने वहां उत्तरी और पूर्वी हिस्से की प्रभावकारी ढंग से नाकेबन्दी कर ली।

अपने कमांडिंग अफसर के आदेश पर वे एक और टुकड़ी को मजबूत बनाने के लिये दौड़े। इस टुकड़ी पर उग्रवादियों का सख्त दबाव होता जा रहा था। मेजर ओम प्रकाश देसवाल ने तुरन्त कमान संभाली। उग्रवादियों के एक ग्रुप को दक्षिण की तरफ भाग निकलते देखकर उन्होंने इस ग्रुप के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी लेकिन उग्रवादियों का एक और ग्रुप तुरन्त ही उसी दिशा में आ गया। तब मेजर ओम प्रकाश देसवाल ने अपनी दूसरी टुकड़ी को इन उग्रवादियों के बच निकलने के रास्ते को काट देने का आदेश दिया। लेकिन इस कार्यवाही में टुकड़ी के नेता कैप्टन अजीत सिंह के सिर में गोली लग गई और और वे गिर पड़े।

मेजर ओम प्रकाश देसवाल ने चार उग्रवादियों को बांध की आड़ में भाग निकलने की कोशिश करते हुये देखा और उनसे हथियार डाल देने को कहा। लेकिन उग्रवादियों ने उन पर गोली चला दी। क्योंकि उग्रवादी उनकी कारबाइन की मार से बाहर थे, इसलिये वे रेंगते हुये उस स्थान तक गए जहां से उग्रवादियों को वे अपनी रेंज में ले सकें। उन्होंने एक उग्रवादी को गोली मार कर घायल कर दिया और इससे एक आटोमेटिक राइफल बरामद की। बाद में पता चला कि यह उग्रवादी कट्टर उग्रवादी था और जेल से भागा हुआ था।

मेजर ओम प्रकाश देसवाल पर एक तरफ से दोमंजिले मकान से और सामने से गोलियों की भारी बौछार हो रही थी। लेकिन अपनी जान की परवाह न करते हुये मेजर ओम प्रकाश देसवाल बिना किसी मोर्चे बन्दी की जगह से ही उग्रवादियों का मुकाबला करते रहे और एक और उग्रवादी को गोली मार कर घायल कर दिया जिसे बाद में कट्टर उग्रवादी रोमी सिंह बताया गया।

इसके बाद मेजर ओम प्रकाश देसवाल रेंगते हुये उस जगह पहुंचे जहां कैप्टन अजीत सिंह बेहोश पड़े थे और उन्हें उठाकर साथ के एक बांध पर सुरक्षित ले गए जहां से उन्हें हटाकर रेजीमेंट सहायता चौकी पर ले जाया गया। समय पर हुई इस कार्यवाही से कैप्टन अजीत सिंह की जान बच गई।

मेजर ओम प्रकाश देसवाल ने इस प्रकार उत्कृष्ट वीरता, असाधारण साहस और उच्च कोटि का कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

20. 4244707 हवलदार फिलमन कुजुर,
बिहार।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 13 अप्रैल, 1982)

13 अप्रैल, 1982 को सूचना मिली कि इम्फाल के कदम पोकली खुनाऊं गांव में मायाथी लोइकाई में कुछ सशस्त्र उग्रवादी छिपे हुये थे। बिहार रेजीमेंट की एक बटालियन तुरन्त वहां पहुंची और उसने गांव को घेर कर तलाशी शुरू कर दी। इस तलासी दल में हवलदार फिलमन कुजूर भी शामिल थे और इसका नेतृत्व मेजर ओम प्रकाश देसवाल कर रहे थे। सबेरे करीब सवा आठ बजे गांव के दक्षिणी भाग में उग्रवादियों ने कैप्टन अजीत सिंह के नेतृत्व वाली दूसरी तलाशी टुकड़ी पर अचानक पक्के निशानेबाजी की भारी गोलीबारी शुरू कर दी। मेजर देसवाल और उनकी टुकड़ी

गोलीबारी वाले स्थान की ओर दौड़े और वहां पहुंचकर देखा कि कैप्टन अजीत सिंह को सिर में गोली लगी थी और वे बेहोश पड़े थे।

उस समय चार उग्रवादी एक बांध के साथ बच निकलने के के लिए भाग रहे थे उन पर गोली चलने से तीन उग्रवादी घायल हो गये लेकिन चौथे उग्रवादी ने बच निकलने की कोशिश की। अपनी जान की जरा भी परवाह न करते हुए हवलदार फिलमन कुजूर ने तुरन्त उस भागते हुए उग्रवादी का पीछा किया और एक देसी पिस्तोल सहित उसे पकड़ लिया।

हवलदार फिलमन कुजूर तब कैप्टन अजीत सिंह को वहां से हटाने में मेजर देसवाल की मदद के लिए स्वतः आगे आये। उग्रवादियों की पक्के निशानेबाजी की भारी गोलीबारी के बावजूद वे रेंगते हुए उस स्थान तक पहुंचे जहां कैप्टन अजीत सिंह जख्मी हुए पड़े थे। उन्होंने अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए उस जख्मी अफसर को उठाया और बांध के पीछे सुरक्षित स्थान पर ले गए जहां से उन्हें रेजीमेंट की सहायता चौकी तक ले जाया गया।

एक उग्रवादी को पकड़ने और बाद में एक घायल अफसर की जान बचाने में हवलदार फिलमन कुजूर ने वीरता साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

21. 265964 हवलदार छोटू सिंह
ग्रेनेडियर्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 15 मई 1982)

15 मई 1982 को दिन में साढ़े तीन बजे कुख्यात डाकुओं के एक गिरोह ने राजस्थान के जैसलमेर जिले में बीदा गांव पर हमला कर दिया। गांव पर उनका यह नौवां हमला था।

हवलदार छोटू सिंह इस गांव में वार्षिक छुट्टी पर आये हुये थे। डाकुओं की गोली की आवाज सुनकर उन्होंने तुरन्त मौके की जगह पर मोर्चा बनाया और लूटपाट कर रहे डाकुओं पर कारगर ढंग से गोली चलानी शुरू कर दी। इस अप्रत्याशित गोलीबारी से डाकुओं में पूरी तरह से हड़बड़ी फैल गई और वे लूट के गहने तथा मवेशी वहीं छोड़कर इधर उधर भाग खड़े हुये। हवलदार छोटू सिंह ने 13 गोलियां चलाई और एक कुख्यात डकैत सरदार, सज्जन खां को मार गिराने में सफलता प्राप्त की। डाकुओं ने अपने सरदार की लाश को ले जाने की बड़ी कोशिशें की लेकिन हवलदार छोटू सिंह ने अपनी पक्की निशानेबाजी और भारी गोलियों की बौछार से डाकुओं की सभी कोशिशें नाकाम कर दीं।

डाकुओं के गिरोह का अकेले ही सामना करके वीरता और पहल के इस कारनामे द्वारा हवलदार छोटू सिंह ने बीदा गांव में डकैती के प्रयास को विफल कर दिया। उनके अभूतपूर्व साहस के कार्य की स्थानीय प्रशासन और उनके गांव के लोगों ने बड़ी सराहना की।

22. स्क्वाड्रन लीडर श्रवणकुमार भाटिया (11316) फ्लाइंग (पायलट)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 20 मई 1982)

अप्रैल 1982 में स्क्वाड्रन लीडर श्रवणकुमार भाटिया को एक ऐसा काम सौंपा गया जिसमें एक जगह पहले भारी मशीनें लगाने और उनसे काम पूरा हो जाने के बाद फिर उन्हें हटाने की जिम्मेवारी थी। ये स्थान बहुत ही छोटे-छोटे अनेक भूस्थल थे और सब के सब हिमालय की सीमा के साथ 6000' की ऊंचाई पर स्थिर थे। यहां इतने भारी सामान के साथ एक एम आई 8 हैलीकोप्टर को उतार लेना लगभग असंभव सा लगता था।

स्क्वाड्रन लीडर श्रवणकुमार भाटिया (11316) फ्लाइंग (पायलट) ने इस कार्य को अधिकतम साहस के साथ किया। नब्बे दिन तक हिमालय की हरी और खतरनाक संकरी घाटियों में भारी कठिनाइयों और परेशानियों के कार्यक्षेत्र में सब पहलुओं से उड़ान के लिये अत्यन्त प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद उस अवधि में लगातार एक सौ अट्ठाईस बार वहां उतरकर स्क्वाड्रन लीडर श्रवणकुमार भाटिया ने उन्हें सौंपे गये कार्य को पूरा कर दिखाया और अपने को आपने भारतीय वायुसेना का "पूर्ण पायलट" सिद्ध कर दिखाया। इतने लम्बे समय में कभी भी एक मामूली सी क्षणिक चूक गम्भीर नुकसान और उनके लिये पूरी तरह विपत्ति का कारण बन सती थीं।

स्क्वाड्रन लीडर श्रवणकुमार भाटिया ने इस प्रकार अदम्य साहस उच्च कोटि की व्यावसायिक कुशलता, क्षमता और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

23. फ्लाइट लेफ्टिनेंट बिक्रम देव सिंह (13573) फ्लाइंग (पायलट)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 25 जून 1982)

24 जून 1982 को सूचना मिली कि धर्मशाला के उत्तर में उन्द्रजीत दर्रे के पास थलसेना के 19 कार्मिक फंस गए थे। उनके बचाव के लिये एक विमान भेजा गया जिससे यह पता चला कि यह कार्मिक 14 500 फुट ए०एम०एस० एल० की ऊंचाई पर और 75 ढलान वाले पर्वतीय हिस्से पर एक चट्टान पर थे। ये कार्मिक 10 फुट ताजा गिरी बरफ से घिरे हुये थे। यह पाया गया कि वहां उतर पाना मुश्किल था और इन कार्मिकों को बचाने के लिये भारोत्तोलक का सहारा लेना पड़ेगा। उस स्थान पर भोजन दवाइयां और कम्बल गिराये गये और विमान शाम को बेस पर लौट आया।

25 जून 1982 को फ्लाइट लेफ्टिनेंट बिक्रम देव सिंह, फ्लाइंग (पायलट) को बचाव भारोत्तोलक से युक्त चीता विमान में बचाव कार्य शुरू करने को कहा गया। वे सवेरे नौ बजे उस स्थल पर पहुंच गये। उस समय मौसम साफ था लेकिन हवायें करीब 40 नाट की रफ्तार से चल रहीं थी। पूरी तरह रैकी करने के बाद विमान को फंसे हुये कार्मिकों

के 15 फुट ऊपर तक ले आया गया और वहां विमान चक्कर काटने लगा। एकदम सपाट ढलान और इन कार्मिकों वाले कठिन स्थल के कारण विमान को ऊपर मंडराये रखना पड़ता था और रोटर तथा खड़ी चट्टान के बीच बहुत कम अन्तर रह गया था। इतनी ऊंचाई पर तेज हवाओं और दुर्गम भूभागों की जोखिम भरी परिस्थितियों में विमान को मंडराते रखना बड़ा भयंकर कार्य था और इसके लिये असाधारण दक्षता की जरूरत थी। सहायक को उस स्थल पर नीचे उतारा गया और दो कार्मिकों को ऊपर लेकर उन्हें योल पहुंचाया गया। स्थल पर वापस पहुंचने तक मौसम बहुत खराब हो गया था। इलाके के ऊपर बादल घिर आये थे, रोशनी बहुत कम हो गयी थी और केवल 100 मीटर तक ही दिखाई दे रहा था और हवाए 50 से 55 नाट तक की गति से चलने लगीं थी। इसके बावजूद फ्लाइंग लेफ्टिनेंट विक्रम देव सिंह ने धैर्यपूर्ण व्यावसायिकता का प्रदर्शन करते हुये बचाव कार्य जारी रखा। दो और चक्कर लगाकर कुल छः कार्मिकों को वहां से निकाल लाये। शाम साढ़े पांच बजे तक वहां फंसे हुए सभी कार्मिकों को निकालकर योल पहुंचाया जा चुका था।

फ्लाइट लेफ्टिनेंट बिक्रम सिंह ने इस प्रकार साहस, उच्चकोटि की व्यावसायिक कुशलता और असाधारण कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

24. मेजर कमल कुमार शर्मा (आई० सी०-34205) गोरखा राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 7 जुलाई, 1982)

मेजर कमल कुमार शर्मा राष्ट्रविरोधी गतिविधियों से ग्रस्त एक इलाके में एक महत्वपूर्ण चोकी के कम्पनी कमांडर थे। सूझबूझ से और योजनाबद्ध तरीके से उन्होंने वहां के नागरिकों के बीच अपने भेदिये और सूत्रों का प्रभावी जाल बिछा दिया उन्हें सूचना मिली कि कुछ कट्टर उग्रवादियों ने स्थानीय लोगों से भारी कर वसूल किया था और एक नागरिक ने 8 जुलाई, 1982 को उन्हें पैसा देना था। यह जानकारी मिलने पर उन्होंने उग्रवादियों को पकड़ने की तुरन्त योजना बनाई। उन्होंने अपनी गश्ती टुकड़ी के जवानों को साधारण कपड़े पहनने को कहा और साधारण नागरिकों वाले थैलों में केवल कारबाइन छिपाकर अपनी टुकड़ी के साथ एक घने जंगल में 40 किलोमीटर से अधिक का फासला तय करके आगे बढ़े। निर्धारित स्थान पर पहुंच कर उन्हें पता लगा कि उग्रवादी दूसरी जगह चले गये थे। वे विचलित नहीं हुये और उन्होंने अपने जवानों को अनजाने जंगल में आगे बढ़ने को प्रेरित किया। उग्रवादियों के ठिकाने का पता लगा लेने और उन्हें देख लेने के बाद उन्होंने अपने गश्तीदल को इस तरह तैनात किया कि निर्धारित क्षेत्र पूरी तरह असरदार तरीके से घिर गया। तब मेजर कमल कुमार शर्मा अपने जवानों को लेकर उस झोंपड़ी में घुस गये जहां उग्रवादी मौजूद थे। उन्हें देख उग्रवादी बुरी तरह चौंक गये। यद्यपि उग्रवादी भौंचके हो गये फिर भी प्रतिक्रिया स्वरूप उनमें से एक ने मेजर कमल कुमार शर्मा पर अपनी पिस्तोल तान दी। लेकिन मेजर कमल कुमार शर्मा इस उग्रवादी से भिड़ गये और बाद में हुई हाथापाई में उसे शीघ्र ही दबोच कर निरस्त्र कर दिया। इस कार्यवाही में दो उग्रवादी पकड़े गये। बाद में पता चला कि ये दोनों कट्टर भूमिगत विरोधी थे।

मेजर कमल कुमार शर्मा ने इस प्रकार वीरता, धैर्य, कर्त्तव्यपरायणता और प्रेरणादायक नेतृत्व का परिचय दिया।

25. श्रीमती राजकुमार बिमोलता देवी,
पत्नी श्री एल० ललित सिंह, आयु 35 वर्ष
कीसिमथोंग, लाइश्राम लीरक, इम्फाल, (मणिपुर)
मणिपुर-795001।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 6 अगस्त, 1982)

6 अगस्त, 1982 की सुबह कीसमथोंग, लाइश्राम लीरक, इम्फाल निवासी श्री एल० ललित सिंह के मकान पर दो व्यक्ति आये। श्री ललित सिंह इन्हें अपनी बैठक में ले गये। अन्दर जाकर एक व्यक्ति तो बैठ गया लेकिन, दूसरा बाहर बरामदे में आ गया। श्री एल० ललित सिंह की पत्नी श्रीमती राजकुमार बिमोलता देवी को इन व्यक्तियों की नीयत पर संदेह हुआ और वे एक परदे की ओट में होकर इनको ताड़ने लगीं।

बातचीत के दौरान इन व्यक्तियों ने भारी धनराशि की मांग की। श्री ललित सिंह ने इस पर जब आपत्ति की तो उस व्यक्ति ने अपनी जेब से .38 रिवाल्वर निकाल कर श्री ललित सिंह को बहुत नजदीक से गोली मारने के लिये अपना हाथ ऊपर किया। श्रीमती बिमोलता देवी तुरन्त बाहर निकल आई और उस व्यक्ति पर झपट पड़ी और सहायता के लिये शोर मचा दिया। वह व्यक्ति बुरी तरह घबरा गया और कीसमथोंग की तरफ भाग निकला। उसे आत्म-समर्पण करने को कहा गया और ऐसा न करने पर पुलिस और उसके बीच मुठभेड़ हो गयी जिसमें वह मारा गया। बाद में, पता चला कि उसका नाम न्गांगोम हिट्लर सिंह उर्फ राजन सिंह था। वह एक गैर कानूनी संगठन का कट्टर उग्रवादी नेता था और उसके पिता का नाम न्गांगोम इबोचोऊ सिंह था जो ब्रह्मपुर तिन्सुबम लीरक के निवासी थे। इस उग्रवादी से एक .38 रिवाल्वर, एक खाली केस और छह गोलियां मिली। दूसरा व्यक्ति बच निकला।

श्रीमती राजकुमार बिमोलता देवी ने इस प्रकार अभूत-पूर्व सूझबूझ और उच्चकोटि के शौर्य का परिचय दिया।

सं० 15-प्रेज/83—राष्ट्रपति, निम्नांकित व्यक्तियों को उनकी अति-असाधारण विशिष्ट सेवा के उपलक्ष में "परम विशिष्ट सेवा मैडल" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं:—

1. लेफ्टिनेंट जनरल अरुण कुमार श्रीधर वैद्य (आई० सी० 1701), एम० वी० सी०, ए० वी० एस० एम०, आर्मर्ड कोर।

2. लेफ्टिनेन्ट जनरल यशवंत दत्तात्रय सहस्रबुद्ध (आई० सी० 1603), ए० एस० सी०।

3. लेफ्टिनेन्ट जनरल मन मोहन लाल धई (आई०सी० 3954), इंजीनियर्स।
4. लेफ्टिनेन्ट जनरल कंवल किशन हजारी (आई० सी० 4468), ए० वी० एस० एम०, आर्टिलरी।
5. लेफ्टिनेन्ट जनरल मनोहर सिंह सोढी, (आई० सी० 1592), सिगनल ।
6. वाइस एडमिरल सरदारी लाल सेठी, ए० वी० एस० एम०, एन० एम० (00052-टी) ।
7. वाइस एडमिरल अनिल कुमार भाटिया, ए० वी० एस० एम०, वी० एस० एम० (50005-वाई) ।
8. सर्जन वाइस एडमिरल गोपाल कुप्पूस्वामी, वी० एस० एम० (75006-टी), (सेवा निवृत्ति) ।
9. एयर मार्शल कंवर इकबाल सिंह छाबड़ा, ए० वी० एस० एम० (3831), उड़ान (नेविगेटर)
10. एयर मार्शल मिनू जहांगीर दोतीवाला (3839), उड़ान (पाइलट)।
11. एयर मार्शल सतीश चन्द्र लाल (3793) वै० ई० (इलैक्ट्रानिक्स)।
12. एयर मार्शल कपिल देव चड्ढा वी० एम० (3845), उड़ान (पाइलट)
13. मेजर जनरल नरिन्दर सिंह (आई० सी० 3935), आर्मर्ड कोर।
14. मेजर जनरल सुदर्शन लाल मल्होत्रा (आई० सी० 4789), ए० वी० एस० एम०, इन्फैन्ट्री।
15. मेजर जनरल नरेश कुमार (आई० सी० 5844), आर्टिलरी।
16. मेजर जनरल विजय कुमार नैयर (आई० सी० 5858), एस० एम०, इन्फैन्ट्री।
17. मेजर जनरल असोक बनर्जी (एम० आर० 381) वीर चक्र ए० एम० सी० ।
18. मेजर जनरल स्टेन्ले विलियम बैरट (आई० सी० 1589), ए० वी० एस० एम० इंजीनियर्स (सेवानिवृत्त)।
19. मेजर जनरल बृज नाथ धर (आई० सी० 2381), ए० ओ० सी० (सेवानिवृत्त) ।
20. मेजर जनरल (कुमारी) वट्टारंगथ गौरी, (एन० आर० 680965), एम० एन० एस० (सेवानिवृत्त)।
21. एयर वाइस मार्शल श्री कृष्ण चन्द्र गुप्ता, वी० एस० एम० (3568), प्रशासन ।

सं० 16/प्रेज/83—राष्ट्रपति, निम्नांकित व्यक्तियों को उनकी असाधारण विशिष्ट सेवा के उपलक्ष्य में "अतिविशिष्ट सेवा मैडल)" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते है :—

1. वाइस एडमिरल जयंत गणपत नाडकर्णी, एन० एम०, वी० एस० एम० (00086-डब्ल्यू)
2. मेजर जनरल देवन्द्र नाथ छिब्बड़ (आई० सी० 2321) आर्मी एजुकेशन कोर।
3. मेजर जनरल लालगुडी महालिंगम राजगोपाल (आई० सी० 7191) ई० एम० ई० ।
4. मेजर जनरल जगमोहन राय (आई० सी० 5831), इंजीनियर्स।
5. मेजर जनरल पुरुषोत्तम लाल खेड़ (आई० सी० 6405), वीर चक्र, सेना मैडल, मैकेनाइज्ड इन्फैन्ट्री।
6. रियर एडमिरल राधेश्याम शर्मा, वी० एस० एम० (60027 जेड)।
7. ब्रिगेडियर आनन्द कुमार पाण्डया (आई० सी० 4579) ए० एस० सी०
8. ब्रिगेडियर गुरदयाल सिंह (आई० सी० 5193), ई० एम० ई० ।
9. ब्रिगेडियर अर्जुन शर्मा (आई० सी० 7600) वी० एस० एम०, सिगनल्स ।
10. ब्रिगेडियर विश्वेश्वर सिंह विष्ट (आई० सी० 5377), आर्टिलरी।
11. ब्रिगेडियर लक्ष्मी नारायण सभरवाल (आई० सी० 5846), इन्फैंट्री।
12. ब्रिगेडियर वीरेन्द्र प्रताप (आई० सी० 5853), ए० ओ० सी०।
13. ब्रिगेडियर रमेश चन्द्र (आई० सी० 5824), ई० एम० ई० ।
14. ब्रिगेडियर सुरिन्दर नाथ (आई० सी० 6606) वी० एस० एम०, इन्फैन्ट्री ।
15. ब्रिगेडियर अवतार सिंह सेखों (आई० सी० 4929), मिलिट्री फार्मस कोर ।
16. ब्रिगेडियर नरेन्द्र कुमार (आई० सी० 5976), ए० एस० सी०।
17. ब्रिगेडियर दीन बन्धु मुकर्जी (आई० सी० 5059), इंजीनियर्स।
18. ब्रिगेडियर सतजीत सिंह (आई० सी० 6667), वी० एस० एम०, आर्टिलरी ।
19. ब्रिगेडियर कुमार देवक्रम मजूमदार (आई० सी० 6721), इंफैन्ट्री।
20. ब्रिगेडियर दलीप सिंह सिधु (आई० सी० 7025), वी० एस० एम०, इन्फैन्ट्री।
21. ब्रिगेडियर ईश्वर दत्त वशिष्ठ (आई० सी० 7043), इन्फैन्ट्री।
